प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 13.01.2025

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने बचेली, सुकमा और कोंडागांव में किया अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन।
- प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ आज से शुरू हुआ महाकुंभ।
- छत्तीसगढ़ में आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है लोक पर्व छेरछेरा।
- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को किया गिरफ्तार।

मुख्यमंत्री—लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा जिले के बड़े बचेली के साथ ही सुकमा और कोंडागांव में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। बचेली में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेक्षण कार्य की शुरूआत हो चुकी है।

वहीं, सुकमा में मुख्यमंत्री ने दो सौ पांच करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने आज कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ अ्ठासी करोड़ अट्ठारह लाख रूपए से अधिक के एक सौ सड़सठ विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक सौ अठासी हितग्राहियों को अंठावन लाख चौरासी हजार रूपये की सामग्री का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री—युवा महोत्सव

राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कल राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दिल्ली के यूथ हास्टल में सीटों की संख्या पचास से बढ़ाकर एक सौ पचासी कर दी है, ताकि वहां बेहतर कोचिंग कर युवा यूपीएससी परीक्षा क्लियर कर सकें। साथ ही व्यापमं की परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नये जमाने के रोजगार के लिए युवाओं को तैयार करेगी। नवा रायपुर में तेजी से आईटी कंपनियां अपने यूनिट आरंभ कर रही है। शीघ्र ही नवा रायपुर नये आईटी हब के रूप में स्थापित होगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल तथा युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित थे।

नई दिल्ली—अतिथि

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ से भी कई अतिथि शामिल होंगे। जिन्हें आमंत्रित किया गया है, उनमें आपदा राहत कार्यकर्ता, सरपंच, पीएम यशस्वी योजना विजेता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयं सहायता समूह सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्टार्ट—अप जैसे श्रेणियों के इकतीस लोग शामिल हैं। इनमें पीएम यशस्वी योजना से जुड़े छत्तीसगढ़ के अनुभव राठौर, हस्तशिल्प के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अनुराधा साहू, कमला बाई और नोवेन राजवाडे को आमंत्रित किया गया है।

प्लांट हादसा–जांच

मुंगेली जिले के सरगांव स्थित कुसुम प्लांट में बीते दिनों हुए हादसे के बाद कलेक्टर राहुल देव ने इस प्लांट में स्थापित समस्त साइलो के विनिर्माण प्रकिया को प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को संबंधित स्थल का निरीक्षण कर साईलो का उपयोग, आवश्यक जांच, टेस्टिंग, सुरक्षा मानको और अन्य पैरामीटर की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने श्रम पदाधिकारी को कारखाना अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण को लेबर कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए कहा है, ताकि मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जा सके। गौरतलब है कि इस दुर्घटना में चार श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने प्लांट के ऑपरेशन मैनेजर, प्रबंधक और इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

माओवादी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि पकड़े गये माओवादियों के पास से एक टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी और माओवादी साहित्य बरामद किया गया है। सभी माओवादियों को बीजापुर न्यायालय में पेश किया गया।

वहीं, इसी जिले में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए पांच माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। माओवादियों की पहचान पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी के प्लाटून कमाण्डर, रैनु हेमला, मद्देड एरिया प्लाटून कमांडर ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम और मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई। एक अज्ञात वर्दीधारी महिला माओवादी की पहचान होना अभी बाकी है। इन माओवादियों पर कुल पन्द्रह लाख रूपए का इनाम घोषित था।

इस बीच, बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि थाना कुटरू और डीआरजी की टीम जैगुर क्षेत्र में सर्चिंग के निकली हुई थी। इसी माओवादियों के द्वारा लगाये गए आईईडी की चपेट में आने से दोनों जवान घायल हो गए है। उन्होंने बताया कि घायल जवानों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कल देर शाम हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है।

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर में घायल जवानों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

उधर, सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में कल आईईडी की चपेट में आने से एक बच्ची घायल हो गई है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि तिम्मापुर गांव की इस बच्ची को चिंतलनार के सीआरपीएफ फील्ड अस्पताल में रिफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

इस बीच, बीजापुर जिले के काउरगुटटा–जिड़पल्ली मार्ग पर सीआरपीएफ की टीम ने माओवादियों द्वारा लगाए गए चार किलो का आईईडी बरामद किया है, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

प्रयागराज–महाकुंभ

और अब सुनते हैं, महाकुंभ से संबंधित खबरें –

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री और आगंतुक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि इस भव्य आयोजन में शामिल होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

महाकुंभ का समापन छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा।

छेरछेरा–पर्व

छत्तीसगढ़ में लोक पर्व छेरछेरा आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक पर्व छेरछेरा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

मकर संक्रांति

राज्यपाल रमेन डेका ने मकर संक्रांति, पोंगल, माघ (भोगाली) बीहू तथा उगादी पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि देश के विभिन्न प्रान्तों में अलग–अलग नामों से मनाये जाने वाले संक्रांति, पोंगल, माघ बीहू, उगादी जैसे पर्व भारत की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करते हैं और हमें विविधता में एकता के सूत्र में बांधे रखते हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

प्रदेश में लोहडी का त्योहार भी पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुरूद्वारों में शबद कीर्तन गाया जा रहा है। वहीं, पूर्वोत्तर में आज माघ बिहू का त्योहार मनाया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- बलरामपुर जिले में कल चौदह जनवरी से तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।
- दुर्ग जिले के खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई–तीन के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने वाले फरार इनामी आरोपी प्रोबीर शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।
- हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.आर. शाह शामिल हुए।
- दुर्ग जिले के धमधा फ्लाईओवर में एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।
- दुर्ग जिले में बीती रात खुर्सीपार सिग्नल पर मोटर साइकिल सवार दम्पत्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और पति घायल हो गया है।
- सक्ती के बोरदा में ट्रक ने चारपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में वाहन के ड्राइवर की मौत हो गई।